शिविर में 85 ग्राम आबादियों के 220 बच्चों का हुआ एक साथ प्रदर्शन

भारत की संस्कृतिक एवं गौरवशाली विरासत की रक्षा हेतु बच्चों ने प्रस्तुत किये विविध आयाम

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 10 मई। दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा विगत 25 वर्षों से चित्रकूट में प्रतिवर्ष आयोजित हो रहे व्यक्तित्व विकास शिविरों के माध्यम से ग्रामीण अंचल के बालक.बालिकाओं में मानवीयए सामाजिक और वैज्ञानिक गुणों को विकसित कर उनकी प्रतिभाओं को निखारने का अनुकरणीय कार्य किया जा रहा है। बच्चों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करने की दृष्टि से रामनाथ आश्रमशाला में दिनांक 24 अप्रैल से 10 मई 2025 तक व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश के 7 जिलों एवं चित्रकूट की 50 कि0मी0 परिधि के 85 ग्राम पंचायतों से 220 बालक.बालिकाओं ; 133 बालक एवं 87 बालिकाओंद्ध ने शिविर में सम्मिलित होकर संगीत गायन.वादन.नृत्य, डम्बल, लेजिम, मेहंदी, रंगोली, अंग्रेजी सम्भाषण, चित्रकला, मूर्तिकला कम्प्यूटर, घोष आदि का प्रशिक्षण प्राप्त किया।शिविर का समापन दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा संचालित रामनाथ आश्रमशाला के खेल प्रांगण में बच्चों की मनमोहक कलाओं के प्रदर्शन के साथ हुआ। शिविराधिकारी द्वारा शिविर आख्या का वाचन किया गया, शारीरिक प्रदर्शनों से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। अलग.अलग समूहों में शारीरिक प्रशिक्षक राधेश्याम बाघमारे, निखिल मिश्रए वीरेंद्र प्रजापति एवं दशरथ प्रजापति के नेतृत्व में लेजिम, योगासन, डम्वल, पिरामिड, आग का गोला, मोटरसाइकिल की आकर्षक प्रस्तुतियों ने सभी को प्रभावित किया। गीत की धुन पर योगचाप का प्रदर्शन तथा विद्या, आयुए प्रज्ञा, एवं बल की बृद्धि के लिये सामूहिक सूर्य नमस्कार, पी टी के साथ कदम से कदम, ताल से तालए स्वर से स्वर मिलाकर सभी बच्चों ने डम्बल, लेजिम का प्रदर्शन किया। मंचीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सर्वप्रथम सरस्वती वंदना की प्रस्तुति हुई। समापन समारोह के भव्य मंच से सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भारत की विविधताओं वाली एकात्म संस्कृति का दर्शन उपस्थित

जनसमुदाय ने किया। इन सभी के बीच तबला, हारमोनियम एवं ढोलक वादन की प्रस्तुतियां अनोखे ढंग से हुई। भारत की प्रकृति संरक्षण, संस्कृतिक एवं राष्ट्रगौरव की रक्षा हेतु विभिन्न गीत भी बच्चों द्वारा प्रस्तुत किये गये। समापन अवसर पर शिविर के प्रशिक्षकों को अतिथियों द्वारा सम्मानित भी किया गया। मेंहदी, रंगोली एवं चित्रकला प्रशिक्षण के अन्तर्गत शिविरार्थी बच्चों द्वारा तैयार की गई सामग्री की प्रदर्शनी भी लगाई गई। शिविराधिकारी के के बाजपेई ने कहा कि शिविर में शारीरिक एवं बौद्धिक कार्यक्रमों के साथ साथ अलग अलग प्रकार के विषयों पर व्यवहारिक प्रशिक्षण शिविरार्थियों ने अलग अलग समूहों में प्राप्त किया।

शिविर के बौद्धिक प्रमुख जितेंद्र मिश्रा ने बताया कि विभिन्न सत्रों में बौद्धिक के दौरान कई महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों का मार्गदर्शन मिला। दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन ने प्रत्येक दिवस शिविर की व्यवस्थाओं का अनुश्रवण किया। गिरीष अग्निहोत्री जिला शिक्षाधिकारी सतना ने कहा कि ऐसे शिविरों का आयोजन आज की महती आवश्यकता हो गई है क्योंकि जीवन की आपाधापी में ज्ञान तो अधिक प्राप्त हो रहा है किंतु व्यक्तित्व का विकास नही हो पा रहा है। प्रो भरत मिश्रा पूर्व कुलगुरु महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय ने कहा कि हमारा व्यक्तित्व एवं कृतित्व ही हमारी पहचान है हम विशाल ह्रदय वाले बनेंए हमारे जीवन में असीम संभावनाएं हैं ऐसे सुअवसर बार बार नही मिलते यह शिविर आप सभी के जीवन की दिशा और दशा सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका रखता है। शिविर संयोजक राजेन्द्र सिंह ने बताया कि दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा ग्रामीण बच्चों के समग्र व्यक्तित्व विकास शिविर की शुरुआत श्रद्धेय नानाजी के मार्गदर्शन में वर्ष 2001 से हुई थी। तब से चित्रकूट में सभी शैक्षणिक प्रकल्पों के साथ मिलकर प्रतिवर्ष 10 से 20 दिनों का व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन हो रहा है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए गंगाराम यादव ने कहा कि विभिन्न ग्रामोंए नगरों और विभिन्न सामाजिक आर्थिक स्तरों के बच्चों ने एक साथ रहकर सहजीवन का अभ्यास किया। शिविरार्थियों ने व्यक्तित्व विकास के विविध आयामों को हंसते.खेलते सहजता और सरलता से सीखा समझा है। शिविर में अन्य प्रशिक्षकों के रूप में संगीत प्रशिक्षक के रूप में डॉ रामराज पाण्डेय, डॉ दादूराम श्रीवास, सुश्री सुधा सिंह, संजू सिंह, सियाशरण तिवारी, कला प्रशिक्षण, संजीव घाटी, रविनन्दन दुबे, कंप्यूटर में छोटेलाल राणा, सतीश कुमार, मेहंदी रंगोली गौरी कुशवाहा, रूबी विश्वकमा, अंग्रेजी सम्भाषण, रामवीर सक्सेना, राजेन्द्र श्रीवास, गोमय कला सुरेश राठौर, मूर्तिकला लालमन प्रजापति, डॉ राकेश मौर्य, डॉ अशोक पाण्डेय, इं राजेश त्रिपाठी,जितेंद्र सिंहए सत्यराम यादव एवं अन्य सभी कार्यकर्ताओं ने अपना अमूल्य योगदान प्रदान किया। बच्चों द्वारा शिविर के दौरान प्राप्त हुए अपने खट्टे मीठे अनुभव प्रस्तुत किये। शिविर का समापन कार्यक्रम में मध्यप्रदेश की नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, सतना सांसद गणेश सिंह, विधायक चित्रकूट सुरेंद्र सिंह गहरवार, अध्यक्ष चित्रकूट विकास प्राधिकरण विजयपाल यादव एवं गणमान्य नागरिक व अभिभावक उपस्थित रहे।

गैस बुकिंग पश्चात भी लोगों को नहीं मिल रहा सिलेंडर

गैस सिलेंडरों की हो रही ब्लैक मार्केटिंग

नवभारत न्यूज

रामनगर 10 मई । मैहर जिले के रामनगर स्थित इण्डेन गैस एजेंसी में गैस बुकिंग और डिएसी नम्बर आने के बाद भी लोगों को गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है।

बुकिंग किये गये व्यक्तियो के पास एजेंसी द्वारा फोन पर डीएसपी नम्बर लेकर सिलेंडर बुकिंग किये हुए व्यक्ति को गैस ना देकर ब्लैक में बेचे जा रहे सिलेंडर। पुरैना निवासी इण्डेन सिलेंडर धारी तथा रामनगर के कई लोगों ने न्यू सेठी इण्डेन गैस एजेंसी पर ब्लैक मार्केटिंग का आरोप लगाया है। गैस सिलेंडर बुकिंग के दस से पंद्रह दिन बाद आये डिएसी नम्बर को एजेंसी से फोन पर डीएसपी नम्बर लेकर जिसकी बुकिंग है उसे सिलेंडर ना देकर ब्लैक मार्केटिंग पर सिलेंडरो को बेचे जाने का आरोप लग रहा है। न्यू सेठी इण्डेन में बुकिंग के पश्चात भी लोग गैस सिलेंडर ना मिलने से हो रहे परेशान सिलेंडर धारियों में एजेंसी धारक के प्रति बढ़ रहा आक्रोश।

पोल गिरने से बिजली आपूर्ति बंद

नवभारत न्यूज

कोटर 10 मई। कोटर क्षेत्र के मोहनिया ग्राम में विद्युत मंडल की मेन लाइन की तार खंभा टूट जाने की वजह से नीचे पड़ी हुई है ।

विद्युत मंडल के अधिकारियों के द्वारा अभी तक सुधार कार्य नहीं करवाया गया है जिससे ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ग्रामीणों ने तुरंत सुधार कराए जाने की मांग बिजली विभाग के अधिकारियों से की है।

डीएमपुलकित गर्ग ने किया रामघाट में चल रहे पर्यटन विकास के कार्यों का अवलोकन

▸ **अधिकारियों को दिये गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य कराने के निदेश**

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 10 मई। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने शनिवार को धर्मनगरी स्थित रामघाट का निरीक्षण कर चल रहे निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने मतगजेंद्रनाथ शिव मंदिर में दर्शन-पूजन किया तथा रामघाट क्षेत्र की विभिन्न गलियों और निर्माण कार्यों का अवलोकन कर सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

आरती स्थल के निरीक्षण के दौरान पर कराए जा रहे कार्यों को

निर्धारित मानकों एवं गुणवत्ता के अनुरूप पाया गया। कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल को निर्देशित किया कि सभी कार्यों को तेजी के साथ समयबद्ध ढंग से पूरा कराया जाए। उन्होंने पर्ण-कुटी मंदिर, भारत मंदिर, यज्ञवेदी मंदिर सहित अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उत्तर प्रदेश के पंजीकृत गाइड रामनारायण ने विभिन्न स्थलों की ऐतिहासिक एवं धार्मिक जानकारी दी। तोता मुखी हनुमान मंदिर के निरीक्षण के दौरान पुजारी द्वारा कुछ कार्य शेष होने की जानकारी दी गई, जिस पर अधिकारियों ने बताया कि अधिकांश निर्माण कार्य पूर्ण कर हस्तांतरित किए जा चुके हैं। डीएम ने रामघाट घाट एवं नालियों के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को गुणवत्तापूर्ण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मंदाकिनी नदी में बैराज खोलने के संबंध में पर्यटन विभाग को पत्र भेजने के भी निर्देश दिए। वहीं नगर पालिका परिषद द्वारा 'बंधन योजना' के अंतर्गत बनाए जा रहे यात्री प्रतीक्षालय की प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए 30 मई तक कार्य पूरा न होने पर संबंधित ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट कर दूसरे ठेकेदार से कार्य कराने के निर्देश दिए। आकांक्षी शौचालयों के निरीक्षण के दौरान पुरुष एवं महिला शौचालयों के स्पष्ट संकेतक लगाने तथा नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। यूरिनल में दुर्गंध मिलने पर नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम कर्वी के अधिशासी अधिकारी को सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। डीएम ने नाविकों को भी सभी नावों का शीघ्र पंजीकरण कराने एवं प्रत्येक नाव में लाइफजैकेट अनिवार्य रूप से रखने के निर्देश दिए। इस दौरान मानकों का पालन न करने वाली नावों के विरुद्ध कार्रवाई भी की गई। डीएम ने निर्देशित किया कि घाटों पर चल रहे सभी निर्माण कार्यों की ड्राइंग एवं डिजाइन प्रस्तुत की जाए तथा सभी परियोजनाएं निर्धारित समयसीमा में पूरी की जाएं। इस मौके पर सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

सीवरेज प्लाण्ट पर सीसीटीवी कैमरा लगाने के निर्देश

चित्रकूट जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने षनिवार को नगर क्षेत्र रामघाट स्थित सम्पवेल (सीवरेज) का अधिशासी अभियन्ता तथा अवर अभियन्ता जल संस्थान चित्रकूट के साथ निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सीवरेज प्लाण्ट पर सीसीटीवी कैमरा लगाये जाने के अधिकारियों को निर्देश दिय।निरीक्षण के दौरान डीएम पुलकित गर्ग ने कहा कि सीवरेज प्लाण्ट पर आउट लेट पाइप में मापक मीटर लगाया जायें, जिससे ज्ञात हो सके कि कितना पानी लिफ्ट किया गया। इसके अलावा सीवरेज प्लाण्ट पर समुचित रूप से साफ-सफाई की व्यवस्था कराये जाने के निर्देश दिये गये।

सुतीक्षण आश्रम में सियापिया मिलन महोत्सव का हुआ भव्य समापन

▸ **भंडारे में उमड़ा जनसैलाब**

नवभारत न्यूज

सतना 10 मई । सतना जिले के सुप्रसिद्ध सुतीक्ष्ण मुनि आश्रम में विगत सात दिनों से चल रहे श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ एवं %सियापिया मिलन महोत्सव% का आज शनिवार को भव्य पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे के साथ विधिवत समापन हुआ। पूर्व सदगुरुदेव श्री श्री 1008 त्रिवेणी दास जी महाराज की स्मृति में आयोजित इस आध्यात्मिक महोत्सव में हज़ारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने सम्मिलित होकर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

हवन-पूजन के साथ हुई पूर्णाहुति-समापन के अवसर पर प्रात: काल आश्रम के महंत रामेश्वर दास महाराज एवं हरिहर दास महाराज के सानिध्य में विशेष पूजन एवं हवन का आयोजन किया गया। पंडित गोविंद प्रसाद पांडे शास्त्री (काशी) द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रीमद्भागवत के मूल पाठ की पूर्णाहुति कराई गई। आहुति के साथ ही पूरा आश्रम परिसर जय सियाराम और गुरुदेव भगवान की जय के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा।

विशाल भंडारे में उमड़े श्रद्धालु-कथा समापन के उपरांत

दोपहर 12 बजे से विशाल भंडारे का शुभारंभ हुआ। भंडारे में सतना जिले के साथ-साथ दूर-दराज के क्षेत्रों से आए हजारों शिष्यों और भक्तों ने पंक्तिबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया। संतों और भक्तों की अटूट सेवा भावना के बीच देर शाम तक भंडारा अनवरत चलता रहा।

महंत रामेश्वर दास का आशीर्वचन-इस अवसर पर उपस्थित भक्तों को संबोधित करते हुए आश्रम के महंत रामेश्वर दास महाराज ने कहा कि गुरुदेव की असीम अनुकंपा से यह महोत्सव निर्विघ्न संपन्न हुआ है। श्रीमद्भागवत कथा केवल सुनने का विषय नहीं, बल्कि जीवन में उतारने का मार्ग है। सियापिया मिलन महोत्सव का मूल उद्देश्य समाज में प्रेम, शांति और भक्ति का संचार करना है।

व्यवस्था एवं सेवा कार्य-कार्यक्रम को सफल बनाने में व्यवस्थापक पुजारी महेश दास सहित आश्रम के समस्त संतगणों और शिष्य मंडल का विशेष योगदान रहा। जिनमे से प्रमुख रूप से वरिष्ठ समाज सेवी गुलाब शुक्ला,जितेंद्र सिंह छोटू,प्रमोद कुमार द्विवेदी,सुनील पांडेय,राजेश शर्मा, भईयन विश्वकर्मा,अभिलाष सिंह,बृजेंद्र सिंह,जितेंद्र द्विवेदी,राम मुनि द्विवेदी,हीरा लाल पांडेय,राज कुमार दीक्षित,सुरेश भगत,पद्माकर पांडेय आदि के साथ हजारों श्रद्धालुओं का विशेष सहयोग रहा । साथ ही तमाम पत्रकार साथियों समाचार पत्रों का विशेष सहयोग रहा जिन्होंने इस भागवत कथा रूपी रसपान का प्रसारण करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया ।

सुतीक्षण मुनि आश्रम शिष्य मंडल ने कार्यक्रम की भव्यता और सफलता के लिए सभी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष सहयोगियों का आभार व्यक्त किया है।

मौहार में कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुई श्रीमद् भागवत कथा

नवभारत न्यूज

कोठी 10 मई। ग्राम पंचायत मौहार के महामाई देवी प्रांगण पर समस्त ग्राम वासियों एवं भगवत प्रेमी जनों के सहयोग से अयोध्या धाम के कथा व्यास पंडित कृष्णकांत शास्त्री के मुखारविंद से संगीतमय भागवत कथा की रसदार बह रही है जिसमें डुबकी लगाने के लिए काफी संख्या में गांव सहित आसपास के भक्त पहुंच रहे हैं।

शनिवार को विशाल कलश यात्रा के साथ भागवत कथा प्रारंभ हुई जिसमें महिला पुरुष बच्चे बुजुर्ग सभी शामिल रहे कलश यात्रा गांव के हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर गाजे बाजे के साथ कथा स्थल पहुंची जहां पर श्रीमद् भागवत कथा का सरस वर्णन कथा व्यास जी ने सुनाया यह आयोजन 15 मई तक होने वाला चलता रहेगा 16 मई को कथा प्रांगण पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा आयोजक मंडल ने सभी क्षेत्रवासियों तथा भगवत प्रेमी जनों से अधिक से अधिक संख्या में कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।

शिवा ग्रामीण विकास संस्थान ने मनाया स्थापना दिवस

नवभारत न्यूज

बिरसिंहपुर, 9 मई । जिला सतना के मेहुती स्थित प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था %शिवा ग्रामीण विकास संस्थान ने समाज सेवा के पथ पर अपने गौरवशाली 18 वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिए हैं।

इस अवसर पर संस्थान द्वारा एक गरिमामयी स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बीते करीब दो दशकों की उपलब्धियों और भविष्य के लक्ष्यों को साझा किया गया। 2008 से सेवा परमो धर्म- का सफर वर्ष 2008 में अपनी स्थापना के बाद से ही सतना जिले में ग्रामीण विकास की एक नई इबारत लिख रहा है। समतामूलक

समाज और सतत विकास के मूल मंत्र को लेकर शुरू हुई यह यात्रा आज एक सशक्त अभियान का रूप ले चुकी है।

समारोह के दौरान संस्थान के संस्थापक श्री बृजेंद्र सिंह ने बताया कि पिछले 18 वर्षों में संस्थान ने मुख्य रूप से पांच क्षेत्रों में मील के पत्थर स्थापित किए हैं-महिला सशक्तिकरण- महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जो?कर उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया गया।

आजीविका संवर्धन- ग्रामीण युवाओं और किसानों के लिए कौशल विकास और रोजगार के नए अवसर सृजित किए गए।

शिक्षा एवं स्वास्थ्य- बुनियादी शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करने और ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य शिविरों के जरिए जागरूकता फैलाने का कार्य निरंतर जारी है।

मरघट नाथ आश्रम में शिव महापुराण का आयोजन, भंडारा आज

नवभारत न्यूज

कोठी 10 मई। स्थानीय मरघट नाथ आश्रम शिव मंदिर प्रांगण पर पिछले 4 मई से संगीतमय शिव महापुराण कथा का आयोजन चल रहा है।

मरघट नाथ आश्रम के पीठाधीश्वर संत श्री रामेश्वरानंद सरस्वती के मुखारविंद से समस्त क्षेत्र वासियों सहित आसपास के भगवत प्रेमी जनों के सहयोग से आयोजित यह आयोजन पिछले कई वर्षों से अनवरत होता

चला आ रहा है इस वर्ष भी यह आयोजन भव्य तरीके से आयोजित किया जा रहा है आज कथा व्यास जी ने शिव महापुराण की कथा में भगवान शिव के पुत्र गणेश जी के विवाह का सरस भावपूर्ण वर्णन सुनाया जिसको सुनकर उपस्थित जन समुदाय मंत्र मुग्ध हो गया सभी गणेश जी की वंदना करते हुए भावपूर्ण होकर कथा का श्रवण करते रहे कथा चलती रही लोग कथा का श्रवण करते रहे कथा व्यास जी ने भगवान के 12 ज्योतिर्लिंगों की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कथा का विश्राम किया कथा श्रवण करने के लिए हजारों की संख्या में महिला पुरुष बच्चे बुजुर्ग सभी लोगों ने पहुंच कर कथा का रसपान किया और सोमवार 11 मई सोमवार को कथा प्रांगण पर विशाल भंडारे का आयोजन आयोजित किया गया है जिसमें आयोजक मंडल ने समस्त क्षेत्र वासियों से अधिक से अधिक संख्या में प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।

एक नजर में

सरस्वती शिशु मंदिर में प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

कोटर । सरस्वती शिशु मंदिर बिहरा क्रमांक एक के भैया/ बहिनों का ग्राम भारती सतना द्वारा 90त्न से अधिक अंक प्राप्त करने वाले भैया अहम कुशवाहा 93त्न,बहिन,सृष्टि सिंह 91.8त्न, साक्षी कुशवाहा 91.1त्न ,सरला प्रजापति 90 .5त्न ,का सम्मान हुआ विद्या भारती मध्य क्षेत्र के मंत्री जितेन्द्र सिंह परिहार के मुख्य आतिथ्य में सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कृष्ण नगर सतना में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम भारती सतना के अध्यक्ष शंकर प्रसाद अग्निहोत्री ने किया। कार्यक्रम में संत कुमार शुक्ला जिला समन्वयक व सह प्रांत प्रमुख, जिला सचिव ओम प्रकाश पाण्डेय ,उपाध्यक्ष रोहणी प्रसाद द्विवेदी , कृष्णनगर प्राचार्य मुद्रिका प्रसाद द्विवेदी , कोषाध्यक्ष शशांक सिंह परिहार ,अन्य विद्यालय से आए संकुल प्रमुख,प्रधानाचार्य, भैया/बहिन एवम अभिभावक शामिल हुए। विद्यालय के प्रधानाचार्य इंद्रभान सिंह राजपूत, रामबालक सिंह इंदू संयोजक,पूर्व संयोजक राजभान सिंह, पूर्व संयोजक राजबहादुर, रवि प्रताप सिंह सरपंच बिहरा, नरेंद्र पांडेय, वरुणेश कुमार त्रिपाठी,वीरेंद्र सेन, प्रवीण कुमार तिवारी, पंकज द्विवेदी धवार, विद्यालय परिवार भैया बहिन के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत की अपील

सतना । रामपुर बाघेलान विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी राम शंकर

पयासी ने एक विज्ञप्ति, मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पटवारी जीतू भइया का सतना आगमन हो रहा है, श्री पयासी ने बताया कि 11 मई 2026 सोमवार प्रात: 6 बजे रेवांचल एक्सप्रेस से सतना रेलवे स्टेशन, प्लेटफार्म क्र .02 में पहुंचेंगे, श्री पयासी ने सतना जिले के समस्त सम्मानित कांग्रेस नेता ,पदाधिकारियों, पूर्व विधायक, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एवं यूथ कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल, एनएसयूआई और सभी मोर्चा संगठन , सभी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष कार्यकारणी के साथ, नगर निगम के पार्षद, पूर्व पार्षद, पार्षद प्रत्याशी, नगर पंचायत के अध्यक्ष, पूर्व अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष, मंडलम अध्यक्ष एवं ऊर्जावान कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में रेलवे स्टेशन सतना पहुंचकर स्वागत कार्यक्रम में उपस्थित हो।

अवैध शराब बिक्री से बर्बाद हो रही है युवा पीढ़ी

कोटर । ब्लाक काग्रेस कमेटी कोटर के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने

जारी बयान में कहा है कि कोटर तहसील क्षेत्रांतर्गत कोटर, टिकुरी एवं गोराइया की शराब दुकानों द्वारा आस पास के गांवो के मोहल्लों में पैकारी के द्वारा शराब की बिक्री कराई जा रही है जिस कारण से गांवो में आपराधिक गतिविधियां बढ़ रही है । मोहल्लों में शराब मिलने से छोटे छोटे बच्चे भी इस नशे के आगोश में समा रहे है क्षेत्र की युवापीढ़ी में नशे का वातावरण बन गया है जिससे इनका भविष्य खराब हो रहा है शराब के साथ साथ मेडिकल नशा भी गांव गांव में बिक रहा है यह क्षेत्र नशे का केंद्र बन गया है इस क्षेत्र में यहां के शराब ठेकेदारों के साथ साथ अन्य क्षेत्र के शराब ठेकेदारों द्वारा भी शराब की बिक्री की जाती है. क्षेत्र के युवाओं के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ को यदि शासन प्रशासन द्वारा तत्काल तत्काल इन शराब एवं ड्रग माफियाओं के खिलाफ कठोर कार्यवाही नहीं की जाती तो ब्लाक काग्रेस कमेटी कोटर इसके खिलाफ व्यापक जन आंदोलन करेगी।